भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
(भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग की यूनिट)
नवरंगपुरा, अहमदाबाद - 380009, भारत

Physical Research Laboratory
(A Unit of Dept. of Space, Govt. of India)
Navrangpura, Ahmedabad 380009, India

सेवा में
कार्यालयाध्यक्ष, गुजरात स्थित सभी सदस्य कार्यालय के अध्यक्ष
गुजरात

27/09/2023

महोदय/महोदया
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.), अहमदाबाद द्वारा गुजरात राज्य में स्थित सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) के सदस्य कार्यालयों के सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2023 का आयोजन किया गया है।

हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का मुख्य विषय: नवीन विचार और पहल
Main theme of Hindi Technical Seminar: Innovative Ideas and Initiatives

इस प्रतियोगिता के विषय में अधिक जानकारी के लिए कृपया भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद की वेबसाइट https://www.prl.res.in/prl-eng/hindi/gujaratrshts पर गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी तकनीकी संगोष्ठी देखें।

आप सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने नराकास क्षेत्रों में इस प्रतियोगिता का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें एवं कार्मिकों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें तथा राजभाषा की प्रगति में अपना योगदान दें।

अनिल दत्त शुक्ला।
(प्रो. अनिल दत्त शुक्ला)
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, राज्य स्तरीय हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2023
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद

गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2023

नियम एवं शर्तें

1. संगोष्ठी का आयोजन **शुक्रवार, 24 नवंबर, 2023** को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.), अहमदाबाद में ऑफलाइन मोड में होगा।
2. लेख का विस्तृत सार (केवल ऑनलाइन) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – **मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023** रहेगी।
3. लेख का विस्तृत सार अनिवार्यतः निर्धारित प्रारूप (टेम्प्लेट पीआऱएल अहमदाबाद के वेबसाइट पर उपलब्ध) में आमंत्रित किया जाता है। हेडर और फुटर टेक्स्ट के बिना, शब्द सीमा – 1000 शब्द, 3 पृष्ठों की सीमा में लेख सहित संदर्भ हिंदी में देने होंगे। प्रारूप का सख्ती से पालन किया जाना है।
4. लेख प्राप्ति के विषय में अलग से कोई संपर्क अथवा पुष्टि नहीं की जाएगी। केवल चयनित लेख के लेखकों को ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा।
5. प्राप्त लेखों की समीक्षा मूल्यांकन समिति द्वारा की जाएगी जिनका निर्णय सर्वमान्य एवं अंतिम होगा।
6. केवल चयनित लेखों के लेखक को यथा समय आगे की तैयारी के लिए सूचना दी जाएगी।
7. प्रत्येक चयनित लेख की पी.पी.टी. प्रस्तुति करने पर नकद पुरस्कार रहेगी।
8. चयनित लेखों की पावरपोइंट (पीपीटी) प्रस्तुति का समय 8+2 मिनट होगा एवं प्रस्तुति में अधिकतम 5 स्लाइड होंगे। ईमेल द्वारा प्रेषित फाइल साइज़ सीमा अधिकतम 20 MB रहेगी।
9. चयनित लेख के केवल प्रथम लेखक ही लेख प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि लेख के एकाधिक लेखक हों तो केवल प्रथम लेखक को पी.पी.टी. प्रस्तुति करने पर पुरस्कार आदि दी जाएगी एवं पीआरएल में उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। प्रस्तुति के दौरान प्रथम लेखक को विनिर्दिष्ट स्थान पर उपस्थित रहना होगा।
10. अहमदाबाद के बाहर से आमंत्रित लेखकों के लिए टी.ए./डी.ए. का वहन उनके संबंधित संस्थान द्वारा किया जाएगा।
11. उक्त संगोष्ठी के लिए लेख rajbhasha@prl.res.in पर भेजा जाना है। किसी प्रकार की पूछताछ के लिए 07926314206 पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
12. सभी लेखकों को लेख की मौलिकता के विषय में निर्धारित प्रारूप पर घोषणापत्र (अनुलग्नक) प्रस्तुत करना होगा।
13. संगोष्ठी में प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।